### एक नजर में

#### दो दिन में सात किसानों ने कराया पंजीयन

**भोपाल.** जिले में रबी फसल का समर्थन मूल्य के लिए पंजीयन शनिवार से शुरू हो गया है. दो दिन में सिर्फ सात किसान ही पंजीयन कराने पहुंचे. हूजूर तहसील में टीलाखेड़ी वृहताकार सहकारी समिति पर 1 और बैरसिया तहसील नजीराबाद में वृहताकार सहकारी समिति पर 3, दिल्लोद सेवा सहकारी समिति पर 3 पंजीयन हुए हैं, जिन किसानों ने पंजीयन करवाया है वह बहुत ही छोटे किसान है. बड़े किसानों ने पंजीयन में रुचि नहीं दिखाई है. इन पंजीकृत किसानों की कृषि भूमि देखी जाए तो 13.40 एकड़ है जिसमें से 1.22 एकड़ हूजूर तहसील का किसान शामिल है.

#### क्षत्रिय महासभा ने लिया आंदोलन चलाने का निर्णय

**भोपाल.** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है. इससे पहले महासभा पदाधिकारियों ने इंदौर में बैठक करके इसके लिए कार्ययोजना बनाई है. इसकी शुरुआत एक फरवरी से एक करोड़ हस्ताक्षर अभियान के साथ शुरू कर दी गई है. इसे भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंपा जाएगा. यह जानकारी देते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज बहादुर सिंह राणा ने बताया कि मसौदे को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में इंदौर में बैठक हुई थी.

## बंधक बनाकर लूट करने वाले दो गिरफ्तार

▶ माइनिंग विभाग में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत है पीड़िता

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 8 फरवरी. टीटी नगर थाना इलाके में माइनिंग विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी को उनके घर में काम करने वाली नौकरानी के बेटे ने अपने मौसेरे भाई के साथ मिलकर ही घर में बंधक बनाकर चाकू की नोक पर लूट की वारदात कर दी.**

आरोपियों ने पीड़िता से घर में मौजूद डेढ़ लाख से अधिक नगद राशि सहित करीब 3 लाख रुपये का सामान भी लूटा. टीटी नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ लिया है और चोरी गए सामान नकदी को भी बरामद कर लिया है. पीड़िता अर्चना वर्मा (28) माता मंदिर के पास बने क्वार्टर में अपने पिता के साथ रहती है. घर पर काम करने के लिए अर्चना ने एक नौकरानी को रखा है. आरोप है कि नौकरानी के लड़के ने ही अपने मौसेरे भाई के साथ युवती को बंधक बनाया और एक लाख 68 हजार रुपये नगद और दो महंगे मोबाइल फोन की लूट कर दी.

अर्चना ने करीब 3 लाख रुपये की लूट का मामला थाने में दर्ज कराया है. अर्चना वर्मा ने पुलिस को बताया कि आरोपी आशीष उर्फ गोली रायकवार उनके यहां काम करने वाली नौकरानी का बेटा है. आशीष हत्या के प्रयास के मामले में जेल भी जा चुका है. आशीष ने अपने 15 साल के मौसेरे भाई के साथ मिलकर शनिवार को देर शाम लूट की घटना को अंजाम दिया. रविवार को अर्चना ने सुबह के समय थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है. अर्चना वर्मा माइनिंग विभाग में असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत हैं.

### डिजिटल अरेस्ट हुए युवक का रेस्क्यू

**भोपाल.** छोलामंदिर थाना पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट हुए युवक का सुरक्षित रेस्क्यू किया. पीड़ित 3 दिन से डिजिटल अरेस्ट था. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 5 फरवरी को सायबर शाखा नगरीय पुलिस भोपाल से सूचना मिली कि शिवनगर फेस-2 निवासी राजकुमार चौहान को अज्ञात साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर रखा है. पीड़ित राजकुमार ने सायबर ठगों को करीब डेढ़ लाख रुपये अपने खाते से ट्रांसफर कर चुका था. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सरस्वती तिवारी के नेतृत्व में विशेष टीम ने कार्रवाई की. पुलिस टीम ने पीड़ित के निवास स्थान पर पहुंचकर उसे सुरक्षित रूप से मुक्त कराया. पीड़ित से पूछताछ में पुलिस को मालूम हुआ कि साइबर ठगों ने उसे डराकर बड़ी धनराशि ट्रांसफर कराने का दबाव बनाया था. समय पर पुलिस की कार्रवाई से पीड़ित को आर्थिक क्षति से बचाया गया.



## रिटायर्ड अधिकारी के साथ 72 लाख रुपए की ठगी

▶ ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर निवेश का दिया झांसा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 8 फरवरी. हबीबगंज थाना इलाके में एक रिटायर्ड अधिकारी के साथ 72 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. जालसाजों ने शेयर मार्केट में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर निवेश का झांसा देते हुए ठगी की वारदात को अंजाम दिया.**

मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक ई-1 अरेरा कॉलोनी निवासी अभय शरद मोहगांवकर (72) कोल माइंस छत्तीसगढ़ में बतौर अधिकारी के पद पर रह चुक हैं. रिटायर्ड होने के बाद से वह भोपाल में रह रहे हैं. बीते दिनों पहले उनके मोबाइल पर एक अंजान फोन आया. कॉलर ने खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताते हुए अभय को झांसे में लेते हुए शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफा दिलाने की बात कही. कॉलर ने दावा किया कि अगर अभय उसके बताए गए प्लेटफॉर्म पर निवेश करते हैं, तो मोटा मुनाफा कमा पाएंगे. जालसाज ने अभय का भरोसा जीतते हुए ट्रेडिंग के नाम पर उनके अलग-अलग खाते खुलवाए.

## दुष्कर्म और धर्मांतरण के मामले में दूसरी गिरफ्तारी

▶ आरोपी औसाफ के साथी माज खान को किया अरेस्ट

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 8 फरवरी. कोहेफिजा थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और धर्मांतरण के मामले में दूसरे आरोपी माज खान को रविवार को गिरफ्तार किया.**

आरोपी माज खान मछली गैंग का गुर्गे मोनिस खान का छोटा भाई है. खानूगांव में आरोपी माज के होने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची, पुलिस ने उसे दबोच लिया. माज का साथी आरोपी ओसाफ जेल में पहले से है. आरोपी माज से कोहेफिजा पुलिस पूछताछ कर रही है. पीड़ित नाबालिग कक्षा 11वीं की छात्रा है. आरोपी औसाफ अली ने पीड़िता की एक सहेली के माध्यम से संपर्क बनाते हुए उससे पहले दोस्ती की. छात्रा को अपने झूठे प्यार में फंसाया और आरोपी ओसाफ कुछ महीने पहले आरोपी माज खान की कार में छात्रा को बैठाकर खानूगांव ले गया. माज खान की कार में ओसाफ ने दुष्कर्म कर पीड़िता का वीडियो भी बनाया था.

### कोहेफिजा थाने का प्रधान आरक्षक निलंबित

**भोपाल.** कोहेफिजा थाने में पदस्थ रहे प्रधान आरक्षक ज्ञानेंद्र द्विवेदी पर लगे आरोपों के चलते उन्हें निलंबित कर दिया गया. पुलिस उपायुक्त जोन-3 अभिनव चौकसे ने द्विवेदी के निलबंन का आदेश जारी किया है. जारी आदेशानुसार थाना कोहेफिजा भोपाल में पदस्थ कार्यवाहक प्रआर0 413 ज्ञानेन्द्र द्विवेदी का आचरण पूर्णतः पुलिस विभाग के विपरीत होकर थाने की गोपनीय जानकारी थाना क्षेत्र व दीगर थाना क्षेत्रों में निवासरत बदमाशों को दी जा रही है, उन्हें आरोपी माज के सहयोगी एक जिम के संचालक के साथ होटल में लंच करना भी पाया गया. ज्ञानेंद्र द्विवेदी के कृत्य से आरोपी माज की गिरफ्तारी में व्यवधान भी हो रही थी.

## रेलवे सेवाओं के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म

### अनारक्षित टिकट बुकिंग पर मिलेगी 3% की छूट

**भोपाल,08 फरवरी. रेलवे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय द्वारा बहुउपयोगी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 'रेलवन ऐप' उपलब्ध कराया गया है. यह ऐप रेलवे से जुड़ी विभिन्न सेवाओं और जानकारियों को एक ही डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है.**




रेलवन ऐप को यात्रियों को सरल, तेज़ और उपयोगकर्ता-अनुकूल अनुभव देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है. इस ऐप का इंटरफेस बेहद सहज है, जिससे सभी आयु वर्ग के यात्री इसे आसानी से उपयोग कर सकते हैं. रेलवन ऐप के माध्यम से ट्रेन से संबंधित जानकारी, ट्रेन नंबर और नाम, समय-सारिणी, आगमन-प्रस्थान का समय, स्टेशन संबंधी जानकारी, कोच व सीट से जुड़े सामान्य विवरण तथा रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं. यह प्लेटफ़ॉर्म यात्रियों को समय की बचत करने और यात्रा की बेहतर योजना बनाने में मदद करता है.

रेल मंत्रालय द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रेलवन ऐप पर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है. यह छूट 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक छह माह की प्रायोगिक अवधि के लिए लागू रहेगी. यह प्रावधान आर-वॉलेट को छोड़कर अन्य सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू होगा.

वहीं, आर-वॉलेट के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर पूर्ववत 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की व्यवस्था जारी रहेगी. निर्धारित अवधि के बाद सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआरआईएस) द्वारा योजना की समीक्षा की जाएगी. रेलवन ऐप यात्रियों के लिए एक वन-स्टॉप डिजिटल सोल्यूशन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसका लाभ कोई भी स्मार्टफोन उपयोगकर्ता आसानी से उठा सकता है.

## पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने किया कोलार थाने का दौरा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 8 फरवरी. पुलिस कमिश्नर भोपाल संजय कुमार रविवार को कोलार थाना इलाके का औचक दौरा किया. वह कोलार थाने भी पहुंचे और अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया.**

इस मौके पर एडिशनल पुलिस कमिश्नर अवधेश गोस्वामी, डीसीपी जोन 4 मयूर खंडेलवाल और एडिशनल डीसीपी मलकीत सिंह के साथ अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे. कोलार थाने का निरीक्षण करते हुए पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए.

बता दें कि भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार पदभार ग्रहण करते ही लगातार एक्शन मोड पर नजर आ रहे हैं. वह हनुमानगंज थाना इलाका, एमपीनगर सहित थाना इलाकों का लगातार दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं. यातायात नियमों का पालन कराने के साथ ही शहर में कानून व्यवस्था सुचारुरूप से संचालित कराने को लेकर वह लगातार अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए नजर आ रहे हैं.



### मटन-चिकन शॉप पर 4 हजार रुपये का जुर्माना

**भोपाल.** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने रविवार को मटन चिकन की दुकान पर जुर्माने की कार्रवाई की. यह जुर्माने की कार्रवाई जोन 9 के अंतर्गत वर्धमान ग्रीन पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित जम जम मटन-चिकन शॉप पर की गई.



## यूजीसी के विरोध में निकला जुलूस

**भोपाल, 8 फरवरी. क्षत्रिय करणी सेना ने रविवार को यूजीसी कानून के नए नियम के विरोध में मशाल जुलूस निकाला.**

डिपो चौराहे से शुरू होकर राजभवन के लिए रवाना हुए जुलूस को पुलिस ने पहले ही रोक लिया. राजभवन के अंदर पांच लोगों को जाने की ही पुलिस ने अनुमति दी. राज्यपाल से मिलकर करणी सेना के सदस्यों ने यूजीसी के निर्णयों को लेकर समाज की आपत्तियां दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा. प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं भोपाल जिला अध्यक्ष आशु सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष इंदल सिंह राणा और प्रदेश महिला अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान के नेतृत्व में भारत माता चौराहा से मशाल जुलूस निकाली गई. इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में करणी सैनिक आदि मौजूद रहे.

## पुलिस ने गुम हुए मोबाइल किए बरामद

विशेष संवाददाता

**भोपाल,08 फरवरी .तकनीक आधारित जनसेवा को मजबूत करते हुए मध्य प्रदेश पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है.**

गुम मोबाइल की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तकनीकी निगरानी और फील्ड स्तर के समन्वित प्रयासों से कुल 301 मोबाइल फोन बरामद किए. इनकी अनुमानित कीमत 64.5 लाख रुपये है. विधिसम्मत जांच और सत्यापन के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए.




ऑपरेशन साइबर के तहत टीकमगढ़ जिले में पुलिस ने 150 गुम मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 32 लाख रुपये है. इन मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया है. वहीं डिंडौरी जिले में साइबर टीम और स्थानीय थानों की संयुक्त कार्रवाई में 151 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी कीमत 32.5 लाख रुपये आंकी गई है. आवश्यक जांच और सत्यापन के बाद सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए.

## पांच करोड़ मूल्य का अवैध सामान जब्त

▶ ड्रग निर्माण में किया जाता था उपयोग

विशेष संवाददाता

**भोपाल,08 फरवरी. मध्य प्रदेश पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए राजगढ़ और मंदसौर जिलों में की गई दो बड़ी कार्रवाइयों में एमडी ड्रग्स से जुड़े केमिकल, मादक पदार्थ और उपकरण जब्त किए हैं.**



राजगढ़ जिले में थाना माचलपुर पुलिस ने एमडी ड्रग्स के निर्माण में प्रयुक्त 266.9 किलोग्राम केमिकल बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपये बताई गई है. पुलिस ने ग्राम आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में खेत की खंती के पास दबिश दी, जहां पांच नीले प्लास्टिक ड्रमों में सफेद क्रिस्टलनुमा केमिकल पाउडर छिपाकर रखा गया था. प्रारंभिक जांच में यह पदार्थ एमडी ड्रग्स निर्माण में उपयोग होने वाला पाया गया. एनडीपीएस एक्ट के तहत केमिकल जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तस्करी नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है. वहीं मंदसौर जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

### खुले मैदान में मिला युवक का शव

**भोपाल.** बावड़ियां कलां इलाके में रविवार की सुबह एक युवक का शव खुले मैदान में मिला. शाहपुरा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त की. मृतक की पहचान भूपेंद्र अहिरवार के रूप में की गई. भूपेंद्र एक सिक्योरिटी सर्विसेज में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था. शव की स्थिति को देखकर मामला संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी. पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी भारी वाहन से कुचले जाने के गहरे निशान मिले हैं. घटनास्थल पर मौजूद साक्ष्यों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है यह एक हिट-एंड-रन का मामला है.

## बोट क्लब से सामान किया जब्त



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 8 फरवरी. राजधानी में रविवार को बोट क्लब क्षेत्र पर नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. इस क्षेत्र से सड़क किनारे कारोबार करने वालों को हटाया गया.**

यहां पर अवैध हॉकरों ने मुख्य सड़क के किनारे दीवार के पीछे टेबल कुर्सी और हाथ ठेले लगा कर अपनी खाने पीने की सामग्री बेचने का कार्य कर रहे थे, जिससे यहां पर प्रतिदिन शाम के समय और अवकाश के दिन यातायात बाधित हो रहा था. दो और चार पहिया वाहन चालकों को परेशानी और जाम लगता था. कई बार विवाद की स्थिति बन जाती थी. यह सभी सड़क किनारे चाय नाश्ता की सामग्री का विक्रय करते थे, जिसकी शिकायत नगर निगम का मिली थी.



## 2 हफ्ते बाद लौटी कड़ाके की ठंड, पारा 10 डिग्री से नीचे

**भोपाल,08 फरवरी. मध्य प्रदेश में करीब दो सप्ताह के अंतराल के बाद एक बार फिर कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रात के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा है. खासकर प्रदेश के पूर्वी जिलों में ठंड का असर अधिक देखने को मिल रहा है.**

कटनी, शहडोल और उमरिया इस समय प्रदेश के सबसे ठंडे जिले बने हुए हैं. कटनी जिले के करौंदी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सबसे कम दर्ज किया गया है. इसके अलावा प्रदेश के 13 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है. बीते तीन दिनों से लगातार रातें अधिक ठंडी होती जा रही हैं. राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी ठंड का असर साफ नजर आया.

इन शहरों में रात के समय ठंडी हवाओं के कारण लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा. मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश में ठंड का असर इसी तरह बना रह सकता है. 9 फरवरी से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है. इसका प्रभाव मध्य प्रदेश में 12 फरवरी के बाद देखने को मिल सकता है.

▶ **पछुआ हवाओं के प्रभाव से हो रहा बदलाव**

पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहा. अधिकतम और न्यूनतम तापमानों में किसी प्रकार का विशेष परिवर्तन दर्ज नहीं किया गया और तापमान सामान्य के आसपास ही रहे. मौसम विभाग के अनुसार मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में पछुआ हवाओं के प्रभाव से एक पश्चिमी विक्षोभ गर्त के रूप में सक्रिय है, जिसका अक्ष माध्य समुद्र तल से लगभग 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है.

**निर्माण को गति** ▶ रेल लाइन के पोल नंबर 14 व 15 से पहला गाडर रखा

## भदाभदा मेट्रो रेल लाइन के गाडर रखना किए शुरू

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 8 फरवरी. भोपाल मेट्रो रेल की दूसरी लाइन के लिए गाडर रखने की शुरुआत हो चुकी है. यह प्रस्तावित सैर सपाटा मेट्रो स्टेशन के नजदीक से किया गया. रेल लाइन के पोल नंबर 14 व 15 से पहला गाडर रखा गया है.**



1 से 13 नंबर पोल का अभी कार्य शुरू नहीं किया गया है. यहां पर सैर सपाटा मेट्रो स्टेशन का निर्माण होगा, जिसमें अभी समय है. दूसरी मेट्रो रेल लाइन के लिए सैर सपाटा चौराहे से पोल का कार्य शुरू किया गया था, जो पहले चरण में भारत माता चौक तक पूरा किया जाना है. इस बीच में लगभग 30 पोल बनाए जा रहे हैं, जिनमें से लगभग 15 पोल पूरी तरह गाडर के लिए तैयार हैं. शेष पोल भी कुछ दिन में गाडर लेबल तक तैयार होने की संभावना है. गाडर रखने के लिए पोल तो तैयार हैं. पोल के ऊपर ठिया तैयार किए जा रहे हैं. दूसरे गाडर के लिए ठीया शुरू हो गया, जिसकी कांक्रीट कार्य आज शुरू होगा, जो 15 दिन बाद तैयार हो जाएगा.

### मेट्रो में स्कूली बच्चों ने किया सफर



**भोपाल.** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने रविवार को स्कूली बच्चों को आधुनिक परिवहन प्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षणिक यात्रा कराई. इस मौके पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 के छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय विद्यालय मेट्रो स्टेशन से एम्स मेट्रो स्टेशन तक का सफर तय किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों को रियायती टिकटों पर मेट्रो यात्रा की सुविधा प्रदान की गई. यात्रा के दौरान बच्चों ने मेट्रो के सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित संचालन को नजदीक से देखा. उन्होंने प्लेटफॉर्म प्रबंधन, ट्रेन संचालन प्रक्रिया तथा यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की.

### विशाल मेगामार्ट से खाद्य विभाग ने सूजी चावल के नमूने लिए

**भोपाल.** जिला खाद्य सुरक्षा विभाग दल ने रविवार को मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई. इस दौरान एमपी नगर जोन 1 स्थित विशाल मेगामार्ट, डीबी मॉल में हेप्पी हॉट कैंटीन पर खाद्य पदार्थों की जांच करने पहुंचे. विशाल मेगामार्ट से सूजी चावल, वहीं डीबी मॉल में हेप्पी हॉट कैंटीन की किचन से तेल और चटनी, बिरियानी क्वीन से सोया चाप बिरयानी के नमूने एकत्रित किए. जांच दल ने बारीकी से निरीक्षण किया तो पाया कि यहां पर कारोबार कर्ताओं को किचन की साफ-सफाई, फूड सेफ्टी, डिस्पले बोर्ड और कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नहीं पाए गए.